<u>केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल</u>

<u>(गृह मंत्रालय, भारत सरकार)</u>

नई दिल्ली,

दिनांक 14 सितम्बर 2017

विषय :- <u>केरिपुबल महानिदेशालय में हिंदी दिवस धूम-धाम से मनाया गया ।</u>

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल महानिदेशालय में दिनांक 14 सितंबर को श्री राजीव राय भट्नानगर, महानिदेशक की अध्यक्षता में हिंदी दिवस समारोह मनाया गया। इसमें बल मुख्यालय के सभी अधिकारियों/कार्मिकों ने भी भाग लिया । इस अवसर पर श्री भटनागर ने कहा कि हमारी राजभाषा नीति स्पष्ट है और हमारा यह सतत् प्रयास रहता है कि हम अधिक से अधिक कार्य राजभाषा हिंदी में करें। जैसा कि आप सभी जानते हैं कि हिंदी सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा है और इसका हमारे कार्यालयी कार्यों में जितना अधिक से अधिक प्रयोग और उपयोग होगा, उतना ही राजभाषा हिंदी का प्रचार-प्रसार होगा ।

महानिदेशक ने बताया कि अभी जो कंप्यूटरीकृत प्रणालियां बनी हैं, उनमें भी हिंदी के प्रयोग की समुचित व्यवस्था है। हमारे बल में सेलो में हिंदी का प्रयोग करने का प्रयास किया जा रहा है । आगे तैयार की जाने वाली प्रणालियों में जो उपयोग लाए जाएंगे, वे द्विभाषी होंगे। हिंदी के प्रचार-प्रसार के लिए जो शब्दावलियां हैं, वे हिंदी में व्याकरण के अनुसार सही होनी चाहिए, लेकिन यह भी आवश्यक है कि वह सरल और बोलचाल की भाषा में होनी चाहिए, अत्यंत कठिन भाषा में नहीं होना चाहिए, उनका भाव और अर्थ सबकी समझ में आना चाहिए।

इस दौरान सेक्टर एवं अनुभाग राजभाषा रनिंग शील्ड प्रतियोगिता में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले सेक्टर और अनुभाग तथा हिंदी कार्यशाला, हिंदी टिप्पण/आलेखन प्रतियोगिता व हिंदी टंकण प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को उनकी सफलता पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि उन्हें अपेक्षा है कि अन्य कार्मिक भी अधिक से अधिक प्रयास करेंगे और हमारे संपूर्ण केरिपुबल में हिंदी भाषा के प्रयोग और उपयोग में बढ़ोतरी होगी। जिन अनुभागों और सेक्टर कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग कम हैं उनको अधिक से अधिक बढ़ाने की आवश्यकता है ।

अंत में उन्होंने हिंदी दिवस के अवसर पर सराहनीय और उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सभी को बधाई दी।

हस्ता0 दि0/- 14/09/2017

जी0सी0 दास, भा.सू.से.
जन सम्पर्क अधिकारी